C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 5:57 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 6:19 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 110 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025

इस खास वजह के लिए एक साथ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### बदरीनाथ के पास कंचन गंगा के ऊपर कुबेर पर्वत से टूटा ग्लेशियर, मची अफरातफरी

**देहरादून।** बदरीनाथ कंचन गंगा के ऊपर कुबेर पर्वत से ग्लेशियर टूटा है। ग्लेशियर टूटने के दौरान यहां लोग सहम गए। हालांकि कोई नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। बदरीनाथ कंचन गंगा के ऊपर कुबेर पर्वत से ग्लेशियर टूटने की घटना सामने आई है। कंचनगंगा नाले में ग्लेशियर टूटकर आया है। हालांकि कोई नुकसान की खबर नहीं है। ग्लेशियर टूटकर आने की घटना पहली बार नहीं है। उप जिलाधिकारी चंद्रशेखर वशिष्ठ ने बताया कि गिर्लेशियर एवं चट्टान टूटी है। लेकिन कोई नुकसान की बात सामने नहीं है।

### सीएम योगी ने खातों में भेजी 297 करोड़ की छात्रवृत्ति

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के खाते में छात्रवृत्ति भेजी। यह पहली बार है जब वित्तीय वर्ष 2025-26 से सितंबर में ही छात्रवृत्ति वितरण की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति वितरण समारोह में डीबीटी से करीब पांच लाख युवाओं के खातों में छात्रवृत्ति ट्रांसफर की। सरकार ने पहली बार वित्तीय वर्ष 2025-26 से सितंबर में ही छात्रवृत्ति वितरण की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहले छात्रवृत्ति के लिए छात्रों के चयन की प्रक्रिया में भेदभाव होता था। वर्ष 2016-17 में तो अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों की छात्रवृत्ति ही हड़प ली गई थी पर अब ऐसा नहीं होता है। अब प्रदेश के 62 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिल रही है। जब हम सत्ता में आए तो तय किया कि छात्रों को वर्ष के अंत में नहीं बल्कि दो बार में छात्रवृत्ति दी जाए। जो कि अब संभव हो रहा है। यह बदली हुई व्यवस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अब डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है जिससे कि छात्र-छात्राओं को कहीं भी भटकना न पड़े। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अनुसूचित जाति और जनजाति के विद्यार्थियों से स्कूल जाने की अपील की और कहा कि पढ़ाई जरूर करें।

# कल से तीन दिन के लिए ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग प्लान जारी

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नगर में जाम न लगे इसी लिए दिवाली और धनतेरस के त्योहारी सीजन को देखते हुए। पुलिस ने एक विस्तृत ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग प्लान जारी किया है। यह प्लान कल (शनिवार) से लागू होगा और सोमवार रात 9 बजे तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों में छोटे और बड़े, सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। अति आवश्यक सेवाओं जैसे दूध, तेल, गैस और सब्जी से संबंधित वाहनों को भी बाईपास मार्गों का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस द्वारा जारी



किए गए डायवर्जन प्लान के तहत बसों के रूट में बड़े बदलाव किए गए हैं। रामपुर रोड और बरेली रोड से आने वाली सभी बसें (रोडवेज, सिटी, सिडकुल) अब गौलापार तिराहा और नरीमन तिराहा (काठगोदाम) होते हुए रोडवेज स्टेशन तक पहुंचेंगी। कालाढूंगी रोड से आने वाली बसें ऊंचापुल, लालडांठ, पनचक्की और तिकोनिया चौराहा होते हुए स्टेशन पहुंचेंगी। दिल्ली और अन्य स्थानों को जाने वाली वॉल्वो बसें भी अब गौलापार रोड का इस्तेमाल करेंगी, जिससे शहर में जाम की समस्या कम हो सके। त्योहारी खरीदारी करने वालों के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में विस्तृत पार्किंग व्यवस्था की गई है। नैनीताल और कालाढूंगी रोड से आने वाले दोपहिया वाहन मिनी स्टेडियम रोड पर पार्क हो सकेंगे। मुख्य बाजार आने वाले वाहन रामलीला मैदान और रेलवे स्टेशन पर खड़े किए जाएंगे। कालाढूंगी रोड से आने वाले लोगों के लिए उत्थान मंच हीरानगर, जबकि बरेली रोड से आने वालों के लिए लक्ष्मी शिशु मंदिर में पार्किंग तय की गई है। रामपुर रोड से आने वाले ग्राहक एचएन इंटर कॉलेज मैदान में वाहन पार्क करेंगे। व्यापारियों के लिए सरस बाजार और सिंधी स्वीट्स के पास विशेष पार्किंग की व्यवस्था की गई है। छोटे वाहनों के लिए भी डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। बरेली रोड से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार रोड का प्रयोग करेंगे। कालाढूंगी रोड से आने वाले छोटे वाहन ऊंचापुल चौराहा, लालडांठ और नरीमन होकर जाएंगे। काठगोदाम क्षेत्र से हल्द्वानी की ओर आने वाले छोटे वाहन महारानी होटल तिराहा से डायवर्ट होकर कुल्यालपुरा चौराहा होते हुए शहर में प्रवेश कर सकेंगे। ऑटो और मैजिक स्टैंड को भी अस्थाई रूप से नए स्थानों से संचालित किया जाएगा। पुलिस ने बताया कि अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग में ही खड़ा करे।

सीएम नीतीश कुमार से मिले अमित शाह

# गृह मंत्री बोले- जनता लालू यादव का जंगलराज वापस नहीं लाएगी

नई दिल्ली
एजेंसी

चुनावी हलचल के बीच आज गृह मंत्री अमित शाह अपने तीन दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की। इसके बाद छपरा रवाना हो गए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की है। शुक्रवार सुबह 10:57 बजे सीएम नीतीश से मुलाकात करने पटना के अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। करीब 18 मिनट बाद दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। इसके बाद गृह मंत्री एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह छपरा के तरैया के लिए निकल गए। वहां पर वह जनसभा को संबोधित करेंगे। इधर, पटना में उन्होंने एनडीए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहार में इस बार एनडीए को ऐतिहासिक जीत मिलेगी। उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद पर हमला बोलते हुए कहा कि चाहे केंद्र में हो या राज्य में, लालू यादव जहां भी सत्ता में रहे, वहां जमकर भ्रष्टाचार किया। 21वीं



सदी में बिहार की जनता कभी भी लालू यादव का जंगलराज वापस नहीं लाएगी। लालू यादव को रोड, पुल, पानी, आवास पर चर्चा करना शोभा नहीं देता, उन्हें केवल अपने जंगलराज, अपहरण, फिरौती, वसूली पर चर्चा करनी चाहिए। सीएम नीतीश कुमार और गृह मंत्री अमित शाह को लेकर बताया जा रहा है कि एनडीए में सीट बंटवारे के बाद सीएम नीतीश कुमार अपने खाते की कुछ सीटे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी को मिलने से नाराज हो गए थे। इसके बाद उन्होंने सीएम हाउस में भाजपा और जदयू के वरिष्ठ नेताओं की अलग-अलग बैठक भी बुलाई थी। इस बैठक के बाद ही भाजपा और जदयू ने अपने अपने उम्मीदवार उतारे। उस वक्त भी यह बात सामने आई थी कि गृह मंत्री अमित शाह पटना आते ही मुलाकात करेंगे। आज दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हो गई। बैठक के दौरान गृह मंत्री ने बिहार चुनाव की तैयारी, प्रचार प्रसार समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का कहना है कि आगामी चुनाव को लेकर यह मुलाकात हुई। एनडीए में सबकुछ ठीक है। सबलोग एकजुट हैं। हमलोगों को जनता ने आशीर्वाद दिया है।

# सीकेजी रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

जमीन सौदे के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें रुद्रपुर निवासी अतुल छाबड़ा ने सीकेजी रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर करुण गुप्ता समेत तीन भू-स्वामियों पर मिलकर 3-32 करोड़ की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने शिकायत एसएसपी को दी। इस पर पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर कार्रवाई की। एसएसपी से की गयी शिकायत के मुताबिक अतुल छाबड़ा ने 1 मार्च 2024 को ग्राम जगतपुर भूरारानी, रुद्रपुर स्थित 2266-66 वर्ग गज (लगभग 0-1896 हेक्टेयर) जमीन ऽरीदने के लिए 5-15 करोड़ रुपये में सौदा किया था। यह भूमि ऽसरा नंबर 16/1/1 व 19/1 मिन में दर्ज है, जिसका सौदा सीकेजी रियल्टी प्रा- लि- के डायरेक्टर करुण गुप्ता पुत्र चंद्रेश गुप्ता के माध्यम से किया गया।भूमि के मालिक आनंद प्रकाश धवन, ओम प्रकाश धवन और राजेन्द्र धवन द्वारा करुण गुप्ता को भूमि का कालोनाइजर नियुत्तफ़ किया गया था। सौदे के तहत अतुल छाबड़ा ने अब तक 2-85 करोड़ से अधिक नकद और 47 लाऽ से अधिक चेक व आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि भूमि रजिस्ट्री की तय तिथि पर जब वह रजिस्ट्रार कार्यालय पहुँचे, तो न तो भूमि मालिक और न ही करुण गुप्ता वहाँ उपस्थित हुए। कई बार प्रयासों के बावजूद जब रजिस्ट्री नहीं हो सकी, तब 2 नवंबर 2024 को एक एग्रीमेंट हुआ, जिसमें 20 नवंबर तक रजिस्ट्री कराने का वादा किया गया था। इसके बाद भी जब रजिस्ट्री नहीं हुई तो 1 मई 2025 को एक रजिस्टर्ड एग्रीमेंट हुआ, जिसमें 5-15 करोड़ की भूमि कीमत अंकित की गई और करुण गुप्ता ने 25 जून 2025 तक रजिस्ट्री कराने का वायदा दिया। लेकिन वह भी पूरा नहीं किया गया। चार चेक, जिनकी कुल राशि 12-62 करोड़ थी, सिक्योरिटी के तौर पर दिए गए, लेकिन वे सभी बाउंस हो गए। पीड़ित के अनुसार करुण गुप्ता द्वारा उसे एलॉटमेंट लेटर और पजेशन लेटर भी दे दिया गया था। पीड़ित के मुताबिक 7 सितम्बर 2025 को भूमि पर बाउंड्री कराने पहुँचे, तो आनंद धवन और सौरभ धवन ने प्रार्थी की लेबर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में करुण गुप्ता और तीनों भूमि मालिकों की मिलीभगत से उसे धोऽा दिया गया है और 3-32 करोड़ रुपये हड़प लिए गए हैं। साथ ही, यह भी बताया गया कि ये लोग अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह की धोऽाधड़ी कर चुके हैं। अतुल छाबड़ा ने करुण गुप्ता, आनंद प्रकाश धवन, ओम प्रकाश धवन और राजेन्द्र धवन के ऽिलाफ कड़ी पुलिस कार्रवाई की मांग करते हुए, न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बिहार चुनाव में प्रचार करेंगे सीएम पुष्कर सिंह धामी

नई दिल्ली
एजेंसी

मुख्यमंत्री धामी गोरियाकोठी विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी देवेशकांत सिंह के नामांकन में शामिल होंगे। इस दौरान चुनावी रैली को भी वह संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करेंगे। शुक्रवार को सीएम सिवान जिले के गोरियाकोठी विधानसभा में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने बिहार चुनाव में मुख्यमंत्री धामी को प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। आज को मुख्यमंत्री गोरियाकोठी विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी देवेशकांत सिंह के नामांकन में शामिल होंगे। इसके बाद नारायण



**तैयारी**

- गोरियाकोठी विधानसभा में आज चुनावी रैली

महाविद्यालय मैदान में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। रैली में मुख्यमंत्री केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास के मुद्दों पर जनता से वोट मांगेंगे।

# नए मंत्रिपरिषद का शपथ ग्रहण, हर्ष सांघवी राज्य के नए डिप्टी सीएम

नई दिल्ली
एजेंसी

मंत्रिपरिषद में कनुभाई देसाई, पुरषोत्तम सोलंकी, नरेश पटेल, अहमदाबाद की पूर्व डिप्टी मेयर दर्शना वाघेला, गुजरात भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व प्रमुख प्रद्युमन वाजा, मोरबी विधायक कांतिलाल अमरुतिया और वडोदरा विधायक मनीषा वाकिल को भी शामिल किया गया है।

गुजरात में नए मंत्रिपरिषद का आज शपथ ग्रहण समारोह हुआ। हर्ष सांघवी को राज्य का नया डिप्टी सीएम बनाया गया है। हर्ष सांघवी तीन बार के विधायक हैं और फिलहाल मजुरा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 25 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई, जिसके बाद सीएम भूपेंद्र



पटेल को मिलाकर मंत्रीपरिषद में 26 मंत्री हो गए हैं। पिछले साल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए विधायक अर्जुन मोढवाडिया को भी मंत्री बनाया गया है। विसनगर विधायक रुशीकेश पटेल, प्रफुल पनशेरिया, कुंवरजी बावलिया को फिर से मंत्रीपरिषद में शामिल किया गया है। इनके अलावा कनुभाई देसाई, पुरषोत्तम सोलंकी, नरेश पटेल, अहमदाबाद की पूर्व डिप्टी मेयर दर्शना वाघेला, गुजरात भाजपा एससी मोर्चा के पूर्व प्रमुख प्रद्युमन वाजा, मोरबी विधायक कांतिलाल अमरुतिया और वडोदरा विधायक मनीषा वाकिल को भी मंत्रिपरिषद में जगह मिली है। गुरुवार को गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर मंत्रिपरिषद के अन्य सभी मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था। गुजरात सरकार के मंत्रिपरिषद में यह फेरबदल भाजपा के मिशन 2027 के लिहाज से अहम माना जा रहा है। पार्टी आगामी निकाय चुनाव में नए सामाजिक समीकरणों को परखने की तैयारी कर रही है। पार्टी का मानना है, युवा विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने से युवा नेताओं का हौसला और सरकार में ओबीसी-पाटीदार प्रतिनिधित्व बढ़ा है। आगामी चुनाव में भाजपा को इसका फायदा मिल सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा गुजरात में सुनिश्चित करना चाहती है कि पाटीदार समुदाय के साथ ओबीसी और शहरी वर्ग का संतुलन बना रहे। विश्लेषक मानते हैं कि चेहरे बदलकर भाजपा राज्य में लंबे समय से चल रही सरकार के प्रति होने वाली एंटी इनकंबेंसी को खत्म कर रही है।

# सीएम ने भाजपा कार्यालय का किया शुभारंभ

यूएसनगर

हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बृहस्पतिवार दोपहर 2.30 बजे भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित जिला कार्यालय पहुंचे। उन्होंने हवन पूजन कर कार्यालय का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बृहस्पतिवार दोपहर 2.30 बजे भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्मित जिला कार्यालय पहुंचे। उन्होंने हवन पूजन कर कार्यालय का शुभारंभ किया। ऊधमसिंह नगर जिले के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान बाजपुर रोड स्थित गौतमी हाइट्स के निकट भाजपा जिला कार्यालय का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुभारंभ किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, जिलाध्यक्ष अजय पाल, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का स्वागत किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि 2023 में इसी कार्यालय का शिलान्यास का शुभ अवसर प्राप्त हुआ था। आज इसके लोकार्पण का भी सौभाग्य मिला है। क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान का केंद्र भी बनेगा। प्रदेश में भाजपा के कार्यालय बन रहे हैं। लेकिन भाजपा ने लंबा संघर्ष भी देखा है। अपने खून पसीने से सींचकर वट वृक्ष बनाने वाले महापुरुषों को नमन करता हूं। विश्व की आज सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा है। देश की कुछ राजनीतिक पार्टी को लगता है कि नेतृत्व उन्हीं के परिवार की बपौती है, लेकिन भाजपा का एक मार सिद्धांत रहा है की नृतत्व जन्म से नहीं बल्कि कर्म से होता है। पहली बार अवसर था प्रदेश में जब कोई सरकार लगतार दो बार जीती हो। मोदी जी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने मध्यम वर्गीय परिवार को राहत पहुंचाने के लिए कई निर्णय लिया हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश लैंड, लव, थूक जिहाद पर कड़ी कार्रवाई की है। अब क्षेत्र में कोई भी रंग बिरंगी चादरें डालकर जमीन कब्जा नहीं कर सकता। अंत में उन्होंने दीपावली की सभी को शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि हम जो कार्य करते हैं, उसे पोषण कार्यालय से प्राप्त होता है। सभी जिलों के अंदर भाजपा जिला कार्यालय बनाए जा रहे हैं। 2027 में चुनाव के लिए इसी कार्यालय से कई योजनाएं बनेंगी। इसके अलावा 31 अक्तूबर से विकसित भारत के संकल्प के साथ यात्राएं शुरू होंगी।

पार्टी के जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने कहा कि सभी समाज के लोग हमें आशीर्वाद देने के लिए यहां पहुंचे हैं। यह नया कार्यालय भाजपा की सभी संगठनात्मक गतिविधियों का केंद्र बनेगा, जहां से बैठकें, प्रशिक्षण सत्र और सामाजिक कार्यक्रमों का संचालन होगा। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, विधायकं त्रिलोक सिंह चीमा और महापौर दीपक बाली मुख्य रूप से उपस्थित रहे।





# नैनीताल में आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विस सम्मेलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत नैनीताल विधानसभा का सम्मेलन वीरवार को नैनीताल कलब में आयोजित किया गया।

सम्मेलन में मुखय वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री भाजपा कुंदन सिंह परिहार ने कार्यकर्ताओं से संगठित होकर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकारी योजनाओं का लाभ जन जन पहुंचने का आग्रह किया। विधायक सरिता आर्य ने सभी कार्यकर्ताओं से युवाओं को आत्मनिर्भर बनने पर जोर दिया। इस मौके पर दायित्वधारी दिनेश आर्य एवं शांति मेहरा समेत आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के सह संयोजक अरविंद सिंह पडियार समेत कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विधान सभा के संयोजक प्रकाश आर्य द्वारा किया गया। समेलन में जिला उपाध्यक्ष दया किशन पोखरिया, डा. प्रगति जैन ,जिला मंत्री पुष्कर जोशी, मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की समेत हिमांशु बिष्ट, नीरज बिष्ट, प्रताप बोरा, सुरेश उप्रेती तथा मंडल महामंत्री हरीश सिंह राणा तथा आशीष बजाज सहित प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी तथा मंडल पदाधिकारी व शक्तिकेंद्र के संयोजक सभी बूथ अध्यक्ष, सभासदगण तथा ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# कर्मचारियों को कई समय से वेतन नही देने के मामले पर हुई सुनवाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**सुनवाई**

- **अब हाईकोर्ट में दीपावली के बाद होगी मामले की सुनवाई**

उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने हेमवती नन्दन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त कई कालेजों के कर्मचारियों को कई समय से वेतन नही देने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु दीपावली के बाद की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त कई कालेजों के कर्मचारियों को कई समय से वेतन न दिए जाने के मामले पर सुनवाई की। याचिकाओं में कहा गया कि उनके वेतन दिये जाने के प्रकरण में वर्ष 2024 को केंद्र सरकार व राज्य सरकार व केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीच एक बैठक हुई थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि जब तक यह मामला उच्च न्यायलय में बिचारधीन है तब तक कर्मचारियों का वेतन राज्य सरकार देगी। लेकिन तब से राज्य सरकार ने उनका वेतन नही दिया। अब कर्मचारियों को रोजी रोटी के लाले पड़ने लगे हैं। इसलिए इस मामले की शीघ्र सुनवाई की जाय कि उनका वेतन आखिर कौन देगा? केंद्र सरकार या राज्य सरकार? जबकि पूर्व में कोर्ट ने जनहित याचिका में आदेश देकर कहा था कि कर्मचारियों का वेतन केंद्र सरकार देगी। जिसका अनुपालन नहीं हुआ। इस आदेश के क्रम में राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार व केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीच बैठक भी हुई लेकिन राज्य सरकार ने वेतन देने से साफ मना करते हुए कहा कि यह केंद्रीय विश्वविद्यालय है इसलिए कर्मचारियों का वेतन केंद्र सरकार देगी। इसके उत्तर में केंद्र ने राज्य सरकार से कहा कि अभी अभी मामला उच्च न्यायलय में विचारधीन है जब तक उसका निस्तारण नहीं हो जाता तब तक राज्य सरकार वेतन देगी।

## NEWS / फटाफट

### नैनीताल की पैरा एथलीट वैष्णवी बिष्ट को नैनीताल बैंक ने किया सम्मानित



**नैनीताल ।** नैनीताल बैंक लिमिटेड ने नगर की उभरती पैरा एथलीट और कक्षा 10वीं0 की छात्रा वैष्णवी बिष्ट को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वीरवार को सम्मानित किया। बता दें कि वैष्णवी ने 14वीं जूनियर एवं सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में 200 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त कर नैनीताल समेत उत्तराखंड का नाम रोशन किया था। वीरवार को नैनीताल बैंक मुखयालय में आयोजित समारोह में बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुखय कार्यकारी अधिकारी एस.के. लाल तथा कार्यकारी निदेशक कुलदीप सिंह ने वैष्णवी को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दीं। बैंक अधिकारियों ने कहा कि यह पहल युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और समाज में समावेशिता व खेल भावना को बढ़ावा देने की दिशा में प्रेरणादायक कदम है।

### आईजीएफ सी और अयारपाटा फास्ट ने जीते मुकाबले

**नैनीताल ।** पालिका मनोरंजन कलब की ओर से आयोजित प्रथम कुमाऊं कप फुटबॉल प्रतियोगिता में दो मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में आईजीएफ सी ने अयारपाटा व दूसरे मुकाबले में अयारपाटा फास्ट ने झील पार को हराया। उद्घोषक दीपक कुमार, रेफ री मो. अय्यूब,देवेंद्र बोरा, ब्रजेश बिष्ट तथा स्कोरर जनक बिष्ट रहे।

### 24 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म डीएफओ डायरी फायर वॉरियर्स

**नैनीताल ।** हिंदी फीचर फि ल्म डीएफ ओ डायरी फ ायर वॉरियर्स 24 अकटूबर (शुक्रवार) को रिलीज होगी। बता दें यह फि ल्म उत्तराखंड के जंगलों को बचाने की खामोश लड़ाई लड़ रहे योद्धाओं की कहानी है जो कि 2024 के बिनसर अल्मोड़ा अग्निकांड पर आधारित है। बिनसर वाइल्ड सेंचुरी जो अल्मोड़ा जिले में स्थित है वहां गर्मियों में जंगलों में लगी आग को बुझाते हुए कुछ वनकर्मी और स्थानीय लोग शहीद हो गए थे। यह फिल्म उन्हीं शहीदों और उनके जैसे अन्य वनरक्षकों के संघर्ष को दर्शाती है। यह उन गुमनाम योद्धाओं के बारे में बताती जो इस प्रकृति और पर्यावरण के लिए कई बार अपनी जान तक कुर्बान कर देते हैं। कई सारी सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस डायरी के पन्नों को गीत.संगीत के साथ फिल्मी अंदाज में प्रस्तुत किया गया है।

### पालिका की टीम ने झील किनारे से काटी झाड़ियां

**नैनीताल ।** नगरपालिका परिषद नैनीताल के अधिशाषी अधिकारी रोहिताश शर्मा के दिशा निर्देशों के क्रम में पालिका की टीम की ओर से नैनी झील किनारे उगी झाड़ियां और घास फूस काटने के लिए अभियान चलाया जा रहा है जो कि निरंतर जारी रहेगा। बता दें कि पालिका नैनीझील को साफ स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए यह प्रयास कर रही है। इस अभियान में अनिल कटियार, मनीष, विनोद, मोहित तथा प्रमोद आदि जुटे हुए हैं।

### बुजुर्ग को दस दिन कर डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 18 लाख 80 हजार, आरोपी को राजस्थान से किया गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** देघाट क्षेत्र के एक बुजुर्ग से साइबर ठग ने क्राइम ब्रांच ऑफिसर बनकर 10 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर 18 लाख 80 हजार रुपये से अधिक की ठगी की। पुलिस ने ठगी के आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है। अल्मोड़ा जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। देघाट क्षेत्र के एक बुजुर्ग से साइबर ठग ने क्राइम ब्रांच ऑफिसर बनकर 10 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर 18 लाख 80 हजार रुपये से अधिक की ठगी की। पुलिस ने ठगी के आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है। पांच सितंबर को देघाट निवासी गोपाल दत्त ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने कहा कि उनके साथ एक अज्ञात व्यक्ति ने बैंक धोखाधड़ी में शामिल होने का डर दिखाकर 10 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 18 लाख 30 हजार रुपये की धोखाधड़ी कर दी है।पुलिस ने तहरीर के बाद मुकदमा दर्ज किया। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी एसओजी भुवन जोशी, थानाध्यक्ष देघाट अजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन किया।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# रुद्रपुर पुलिस ने 7 संदिग्धों को हिरासत में पूछताछ के बाद पुलिस एक्ट में चालान कर छोड़ा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी के निर्देशन में कोतवाली पुलिस का रात्रि में अपराध एवं अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम और दीपावली त्यौहार के मद्देनजर क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चल रहा है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान 7 संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पुलिस ने पूछताछ की। पूछताछ के दौरान संबंधित व्यक्तियों की पहचान एवं उनके आने-जाने के उद्देश्य की जांच की।

बाद में पूछताछ के बाद उक्त व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई कर छोड़ा गया। उन्होंने बताया कि त्यौहारों को देखते हुए पुलिस संदिग्धों और अपराधियों पर नजर रखे हुए हैं। ताकि किसी भी तरह कोई घटना को अंजाम न दे सके। पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात हैं।



# काशीपुर में आबादी के बीच खोला गया पटाखों का गोदाम किया सील, 80 पेटी पटाखे किए जब्त

काशीपुर

हमारे संवाददाता

एक गोदाम स्वामी ने घनी आबादी में मकान में पटाखों का गोदाम खोल दिया। सूचना पर पुलिस टीम ने गोदाम पर छापा मारा और बिना लाइसेंस के बिक्री को रखी आतिशबाजी की पेटियों को जब्त कर गोदाम को सील कर दिया।

काशीपुर में एक गोदाम स्वामी ने घनी आबादी में मकान में पटाखों का गोदाम खोल दिया। सूचना पर पुलिस टीम ने गोदाम पर छापा मारा और बिना लाइसेंस के बिक्री को रखी आतिशबाजी की पेटियों को जब्त कर गोदाम को सील कर दिया।

एसडीएम अभय प्रताप सिंह को किसी व्यक्ति ने गंगे बाबा रोड पुष्प विहार कॉलोनी में घनी आबादी के बीच में कौशल यादव के मकान में आतिशबाजी का गोदाम होने की सूचना दी। एसडीएम ने अवैध गोदाम पर पुलिस अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।



बुधवार की रात पुलिस गोदाम पर पहुंची थी, मगर वहां ताला लगा था। पुलिस को छानबीन में पता चला कि आतिशबाजी का गोदाम मोहल्ला कटरामालियान निवासी सतीश यादव का है। बृहस्पतिवार की सुबह सीओ दीपक सिंह पुलिस और दमकम कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे तो सतीश ने गोदाम खोलने में आनाकानी की। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार पंकज चंदोला ने मौके पर पहुंचकर गोदाम का ताला खुलवाया। पुलिस टीम ने जब अंदर जाकर देखा तो दो कमरों में आतिशबाजी सामान की पेटियां रखी हुई थीं सीओ दीपक सिंह ने बताया कि सुबह लगभग 11 बजे शुरू हुई कार्रवाई देर शाम तक जारी रही। इस दौरान गोदाम से करीब 80 पेटी आतिशबाजी जब्त की गई। इस दौरान पटाखों की गिनती, जीएसटी बिल व लाइसेंस संबंधी आतिशबाजी विक्रेता से जानकारी ली गई। जांच के दौरान सतीश के पास आतिशबाजी का स्टॉक रखने का कोई लाइसेंस नहीं मिला और गोदाम भी नियम विरुद्ध घनी आबादी के बीच था। इस वजह से गोदाम को सील कर दिया गया है।

# अभिमत

## कब टूटेगी नींद?

***हर घंटे साइबर अपराध की दस घटनाएं हो रही हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि उम्रदराज और युवा अपराधियों के साथ किशोर अपराध बढ़ रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। देश की राजधानी में पुलिस और खुफिया तंत्र के पास आधुनिक तकनीक होने के बाद भी अपराधों पर काबू नहीं किया जा सका है। देश के छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस के पास संसाधन और तकनीक का अभाव है, जबकि साइबर अपराधियों की पहुंच गांव-गांव तक है। आंकड़े जारी करने से कुछ नहीं होगा। सवाल यह है कि सरकार की नींद कब टूटेगी?***

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार देशभर में साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। हर घंटे साइबर अपराध की दस घटनाएं हो रही हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि उम्रदराज और युवा अपराधियों के साथ किशोर अपराध बढ़ रहे हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है। देश की राजधानी में पुलिस और खुफिया तंत्र के पास आधुनिक तकनीक होने के बाद भी अपराधों पर काबू नहीं किया जा सका है। देश के छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस के पास संसाधन और तकनीक का अभाव है, जबकि साइबर अपराधियों की पहुंच गांव-गांव तक है। आंकड़े जारी करने से कुछ नहीं होगा। सवाल यह है कि सरकार की नींद कब टूटेगी? पुलिस और खुफिया तंत्र यह कहकर संतोष कर लेता है कि धोखाधड़ी के मामले ज्यादा हो रहे हैं। यह बात सरासर गलत है। साइबर अपराधी यौन शोषण, हत्या तथा जबरन वसूली के लिए भी तकनीक का दुरुपयोग कर रहे हैं। देश में हर घंटे बलात्कार और हत्या की तीन घटनाएं हो रही हैं। हजारों लोगों की जान जा चुकी है। सियासी साजिश और बदला लेने की भावना से हत्या की घटनाओं को अंजाम दिया गया है। साइबर अपराधी प्रतिबंधित यौन सामग्री का प्रचार करने के लिए भी तकनीक का दुरुपयोग कर रहे हैं। आत्महत्या के मामले भी सामने आये हैं। हैरान करने की बात यह है कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो ने अपराध की घटनाओं की संख्या और उनमें लगातार वृद्धि के आंकड़े पेश किये हैं, परन्तु कितने मामलों का खुलासा हुआ, कितने अपराधी पकड़े गये और कितने अपराधियों को सजा हुई, इस बारे में नहीं बताया गया। दरअसल लगातार अपराधों की संख्या बढ़ने से पता चलता है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं है। अपराधियों को पकड़ने में पुलिस नाकाम है। खुफिया तंत्र भी गहरी नींद में सोया है। अपराधी बेरोकटोक अपने मंसूबों को अंजाम देने में लगे हैं। उच्च शिक्षा प्राप्त युवा रातों-रात अमीर बनने के लिए अपराध की दुनिया में कदम रख रहे हैं। साइबर अपराध के मामलों में पकड़े गये लोग इंजीनियरिंग और अन्य डिग्रीधारी पाये गये हैं। साइबर अपराधी महिला, बुजुर्ग के अलावा किशोर उम्र के बालक-बालिका को निशाना बना रहे हैं। पुलिस और खुफिया तंत्र को तकनीकी प्रशिक्षण देकर अपराधों को रोकने के लिए तैयार करना होगा।

# हाईकोर्ट ने एकलपीठ के आदेश पर फिलहाल रोक लगाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता



कुमाऊं मंडल के ऊधमसिंह नगर स्थित प्रसिद्ध प्राग फ़ार्म की भूमि पर खड़ी फ सल की कटाई और बिक्री सबंधी एकलपीठ के आदेश पर फि लहाल रोक लग गई है और इस मामले में शुक्रवार (आज)को पुन: सुनवाई होगी।

एकलपीठ के आदेश को अपीलकर्ता माधवी अग्रवाल और अन्य की ओर से विशेष अपील के माध्यम से चुनौती दी गई । अपीलकर्ता के अधिवक्ता टी.ए. खान ने बताया कि न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ ने एक आदेश जारी राज्य सरकार के हक में फैसला देते हुए कहा कि प्राग फार्म की भूमि पर खड़ी फ सल की बिक्री सरकार करेगी और पैसे को एक अलग खाते में रखेगी। इस आदेश के खिलाफ अपील की गई। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी0 नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ में हुई।याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि एकलपीठ का फैसला गलत है। सरकार ने जमीन पर कबजा ले लिया है लेकिन इस भूमि पर खड़ी फसल पर उसका हक है।

दूसरी ओर सरकार की ओर से इसका विरोध करते हुए कहा गया है प्रावधान राज्य सरकार के पक्ष में है और फ सल की बिक्री राज्य सरकार की ओर से किया जाना चाहिए। राज्य सरकार की ओर से यह भी कहा गया कि ऊधमसिंह नगर जिला प्रशासन ने फसल काट दी है। हालांकि अपीलकर्ता की ओर से कहा गया कि अभी फसल खड़ी है। इसके बाद खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश पर रोक लगा दी।

## लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती परीक्षा में याचिकाकर्ता का चयन नहीं किये जाने के मामले पर हुई सुनवाई

**नैनीताल ।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सहायक अभियोजन अधिकारी भर्ती परीक्षा में याचिकाकर्ता का चयन नहीं किये जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में वीरवार को पूर्व के आदेश पर गृह सचिव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए।

कोर्ट ने उनसे पूछा है कि किस अधिकारी की वजह से ये गलती हुई है? उसका नाम कोर्ट को बताएं। किस आधार पर यह कह दिया कि वेटिंग लिस्ट का समय समाप्त हो गया है? जबकि भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। इसको स्पस्ट कर जवाब पेश करें। आयोग के अधिकारियों से जवाबी हलफ नामा दायर करने को कहा है।

इस प्रकरण को अमन गुप्ता की ओर से चुनौती दी गयी है। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वर्ष 2021 में आयोग ने सहायक अभियोजन अधिकारी के 63 पदों के लिये भर्ती परीक्षा आयोजित की। प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा के बाद परीक्षा परिणाम घोषित किया गया लेकिन 30 नवंबर 2022 को आयोग ने दिव्यांग कोटे के दो पदों को वापस ले लिया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म मै0 अग्रवाल शुगर स्टोर नवीन मण्डी स्थल, हल्द्वानी नैनीताल का विघटन दिनांक-22.08.2025 को कर दिया गया है, यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो उप निबंधक कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकत हैं। **-भागीदार**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम धर्मानन्द से बदलकर धर्मानन्द शर्मा रख लिया है, अत: भविष्य में मुझे धर्मानन्द शर्मा नाम से जाना पहचना जाये।**-धर्मानन्द शर्मा पुत्र चूणामणी शर्मा, ईस्ट खेड़ा, गौलापार, पो0 काठगोदाम, हल्द्वानी (नैनीताल)**

# नैनीताल में 25 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण

देहरादून

हमारे संवाददाता

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर वीरवार को क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग और पुलिस विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक दुरुपयोग रोकने के प्रयोजन से मल्लीताल स्थित 25 प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया ।

निरीक्षण के दौरान 5 प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग करने पर मौके पर कुल 5 घरेलू गैस सिलेंडर जबत कर सुरक्षा की दृष्टि से इन्हें मैसर्स पर्वत गैस सर्विस की सुपुर्दगी में इस निर्देश के साथ दिए गए कि इन सिलेण्डरों को गोदाम में सुरक्षित रखेंगे और न्यायालय तथा उच्चाधिकारियों के मांगें जाने पर प्रस्तुत करेंगे। बिष्ट ने कहा कि भविष्य में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं विनिर्मित पेट्रोलियम (प्रदाय और विनियमन आदेश200000 दिनांक 26 अप्रैल 20000 में दिये गए प्रविधानों के तहत आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और कहा कि लगातार अभियान जारी रहेगा । टीम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, पूर्ति निरीक्षक रवि डालाकोटी, आरक्षी राजेश कुमार और संजीत राणा शामिल थे। इस दौरान क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट की ओर से सभी प्रतिष्ठान स्वामी को मौके पर रैस्टोरेंट व किचन में साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने हिदायत दी गयी।



**कार्रवाई**

● 5 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

# फिल्मी दुनिया

## इस खास वजह के लिए एक साथ आए शाहरुख-आमिर और सलमान



*इंडस्ट्री के तीनों खान एक साथ एक नई तस्वीर में नजर आ रहे हैं, जिसमें उनके साथ मिस्टर बीस्ट भी दिखाई दे रहे हैं। यूट्यूबर मिस्ट बीस्ट यानी जिम्मी डोनाल्डसन ने सोशल मीडिया पर अपनी नई तस्वीर से सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। दरअसल मिस्टर बीस्ट ने बॉलीवुड के तीन सुपरस्टार खान शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है और अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। यह तस्वीर सऊदी अरब के रियाद में हुए एक इवेंट से आई है। मिस्टर बीस्ट ने यह तस्वीर बीती 16 अक्टूबर को रात को अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर की है। इस तस्वीर में मिस्टर बीस्ट को तीनों खान के साथ हैप्पी मोमेंट शेयर करते देखा जा रहा है। आखिर किस खास वजह के लिए तीनों खान्स एक साथ आए हैं, चलिए आपको बताते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस तस्वीर में शाहरुख खान ऑल ब्लैक सूट-बूट पहने हुए नजर आ रहे हैं। मिस्टर बीस्ट का भी डैपर लुक दिख रहा है। वहीं सलमान खान ब्लू सूट में अच्छे दिख रहे हैं जबकि आमिर खान ने इंडो-वेस्ट पहना हुआ है। इस तस्वीर के कैप्शन में मिस्टर बीस्ट ने लिखा है- हे इंडिया, क्या हम सभी साथ में मिलकर कुछ करना चाहिए?*

### इस वजह से साथ आए नजर

*दरअसल कुछ दिन पहले सऊदी अरब के रियाद में इंटरनेशनल मंच पर जॉय फोरम का आयोजन हुआ है जिसमें कई मशहूर हस्तियां पहुंचीं। इसी इवेंट में बॉलीवुड की ओर से आमिर खान, सलमान खान और शाहरुख भी गए थे। ये तस्वीर वहीं की बताई जा रही है। तस्वीर वायरल होते ही एक्स और इंस्टाग्राम पर फैंस के कमेंट्स की बाढ़ आ गई। एक यूजर ने लिखा, अंबानी के बाद अब मिस्टर बीस्ट ने कर दिखाया- तीनों खान को एक फ्रेम में लाना कोई आसान बात नहीं। दूसरे ने मजाक में कहा, मिस्टर बीस्ट का अगला कोलैब शायद बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर ही हो। इस साल का जॉय फोरम इवेंट सऊदी अरब की राजधानी रियाद में हुआ, जिसका आयोजन जनरल एंटरटेनमेंट अथॉरिटी (तथ्र) के चेयरमैन महामहिम तुर्की अललशिख के नेतृत्व में किया गया।*

# दो अलग-अलग स्थानों से 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दीपावली पर्व पर जुए की गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए नैनीताल पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। इसी कड़ी में पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। इन अभियानों में कुल 6.67 लाख रुपये से अधिक नकद राशि और जुआ सामग्री जब्त की गई है।

प्रभारी निरीक्षक कालाढूंगी अरुण कुमार सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोटाबाग क्षेत्र के जंगल में गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारा। यहां खुले जंगल में ताश की बाजियों पर जुआ खेला जा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया, जबकि कुछ आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। फरार जुआरियों की तलाश जारी है। पुलिस ने 5,66,000 नकद, ताश की 52 पत्तों की दो गड्डियां बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बेनट चरन, हेम चंद्र तिवारी, जसवंत सिंह, नमन जोशी और प्रेम चंद्र अग्रवाल के रूप में हुई है वहीं, एसओजी और कोतवाली लालकुआं पुलिस की संयुक्त टीम ने बिंदुखत्ता क्षेत्र में एक सट्टा अड्डे पर छापा मारा। इस कार्रवाई में 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया और मौके से ?1 लाख नकद व ताश की एक गड्डी जब्त की गई। पकड़े गए आरोपियों में संजय सिंह, विजय जोशी, बलवंत सिंह, नरेंद्र सिंह, कुवर सिंह, खड़क सिंह और कमलेश सिंह शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रह्लाद नारायण मीणा ने दीपावली के मौके पर अवैध गतिविधियों, खासकर जुए और सट्टे पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसी निर्देश के तहत थाना प्रभारियों और एसओजी टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए एसएसपी ने टीम को ?2,500 का प्रोत्साहन पुरस्कार देने की घोषणा की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## News कॉर्नर

### पेपर लीक मामले में सरकार से जबाव देने के दिए निर्देश

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने यूके एसएस एससी पेपर लीक होने के मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए हाकम सिंह की जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए सरकार से जबाव देने को कहा है । सरकार ने इस मामले में आपत्ति दर्ज करने के लिये दो हफ्ते का समय मांगा है । मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की एकलपीठ में हुई । हाकम सिंह की ओर दायर याचिका में कहा गया कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है । इस मामले में सरकार ने विस्तृत जवाब और अपनी आपत्ति दर्ज कराने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा। न्यायालय ने सरकारी पक्ष के इस आग्रह को स्वीकार कर लिया। न्यायमूर्ति वर्मा की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए आगामी 10 नवंबर (सोमवार) की तिथि तय की है।

### आत्महत्या हेतु उकसाने की आरोपी पत्नी व सास को अंतरिम अग्रिम जमानत दी

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने की आरोपी पत्नी व सास को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की एकल पीठ में हुई। मामले के अनुसार मृत व्यक्ति के भाई द्वारा 20 सितंबर 2022 को थाना आईटीआई रुद्रपुर में रिपोर्ट लिखाई कि उसके भाई की पत्नी और सास उसे लगातार परेशान कर रहे थे जिस कारण उसके भाई ने27 अगस्त 2025 को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी पत्नी ललिता रानी और सास राज बाला को गिरफ्तार करने की स्थिति में अंतरिम जमानत पर रिहा किया जाए।

# एमएलसाह बीवीएम ने झटकी ओवरऑल चैंपियनशिप ट्राफी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**समारोह**

● शारदा संघ की 55वीं चित्रकला प्रतियोगिता का पुरुस्कार वितरण समारोह

शारदा संघ की ओर से आयोजित 55वीं ऑन द स्पॉट चिल्ड्रन पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को वीरवार को आयोजित समारोह में बतौर मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी छवि पंत की ओर से पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने बच्चों की ओर से बनायी गयी पेटिंग की भूरि–भूरि सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा उजागर होती है। उन्होंने कहा कि शारदा संघ लगातार 55वें वर्ष यह



प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों की प्रतिभा को उजागर करने में अहम भूमिका निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी छवि पंत ने भी बच्चों के प्रयासों की सराहना की। इससे पूर्व शारदा संघ के अवैतनिक महासचिव व प्रतियोगिता के आयोजक सचिव प्रो.घनश्याम लाल साह ने अतिथियों का शारदा संघ परिवार की ओर से स्वागत कर प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्रतियोगिता में सर्वाधिक 19.5 अंक अर्जित करने वाली नगर के प्रतिष्ठित मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर को स्व.श्री भगवत पंत व राकेश पंत ओवरऑल चैंपियनशिप ट्राफी के साथ ही 6 हजार रुपएं की नकद धनराशि भेंट की। प्रतियोगिता में 11.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर सेंट मेरी कान्वेंट व 8 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे सेंट जोजफ कालेज समेत दसवें स्थान हासिल करने वाले स्कूली बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। इसके साथ ही प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों के विजेता पुरुस्कृत किए गए। इस दौरान शारदा संघ के अध्यक्ष प्रो.देवेंद्र लाल साह समेत चंद्र लाल साह, दारिका प्रसाद साह, डी.पी.साह, डा.मनोज सिंह बिष्ट, जहूर आलम, देवेंद्र लाल साह, प्रेमलता गुसाई, रोहित साह, दीपक साह, पूनम काडाकोटी समेत शारदा संघ के पदाधिकारी व सदस्य व गणमान्य जन व अभिभावक समेत विभिन्न स्कूल के प्रधानाचार्य व गुरुजनों मौजूद थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुरादाबाद गलोब एकसपोर्ट ने हर संभव सहयोग दिया। अंत में शारदा संघ के अध्यक्ष प्रो.देवेंद्र लाल साह ने सभी का आभार जताया।

# पीएसी में आयोजित द्वितीय अंतर्जनपदीय वाहिनी कबड्डी, खोखो प्रतियोगिता हुई

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

यहां 31वीं वाहिनी पीएसी में तीन दिवसीय द्वितीय अंतर्जनपदीय/ वाहिनी कबड्डी,खोखो,जिम्नास्टिक क्लस्टर (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता का दूसरे दिन उपसेनानायक मिथिलेश सिंह ने टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस उछाल कर शुभारंभ किया।खोखो का मैच 40वीं वाहिनी पीएसी और जनपद ऊधम सिंह नगर के बीच खेला गया। जिसमें, ऊधम सिंह नगर टीम ने जीत दर्ज की। दूसरा मैच 31वीं वाहिनी और 46वी वाहिनी के मध्य खेला गया। जिसमें 31 विजेता हुई। कबड्डी मैच 40वीं वाहिनी और 31 वीं वाहिनी के मध्य खेला गया। 40वीं वाहिनी की विजय हुई। दूसरा मैच जनपद हरिद्वार और आईआरबी प्रथम के मध्य खेला गया। इसमें आईआरबी द्वितीय ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। इसी के बीच खोखो प्रतियोगिता का फाइनल 17अक्टूबर को 31वीं वाहिनी



पीएसी और जनपद ऊधम सिंह नगर के मध्य खेला जाएगा।कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल 17अक्टूबर को ही 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार और आईआरबी द्वितीय के मध्य खेला जाएगा।

31वीं वाहिनी पीएसी सेनानायक आईपीएस पंकज भट्ट,उप सेनानायक मिथिलेश सिंह, सहायक सेनानायक तपेश कुमार चंद ने खेल भावनाओं को प्रोत्साहित करते हुए प्रतियोगिता में प्रतिभागी टीमों का परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें उत्साहवर्धित किया गया। साथ ही दलनायक गिरीश चंद्र जोशी (खेल प्रभारी), भूपेश पाण्डेय, सूबेदार मेजर खुर्शीद अली,दलनायक दयाचंद रजवार, दलनायक गोपाल सिंह बिष्ट, दलनायक श्यामपाल सिंह रावत, एसक्यूएम उमेश कुमार सोनकर, प्लाटून कमांडर पूरन बुंगला, मीडया देख रही हिमानी जोशी आदि मौजूद रहें।

# रुद्रपुर में मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज, ने शुरू की लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने रुद्रपुर में एक मेडिकल सेंटर में अपनी समर्पित लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं की शुरु कर दी। गुरुवार दोपहर को मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के एचपीबी सर्जरी एवं लिवर ट्रांसप्लांट, लिवर ट्रांसप्लांट एंड बिलियरी साइंसेज विभाग के डायरेक्टर डॉ. अजीताभ श्रीवास्तव ने बताया कि महीने के तीसरे गुरुवार दोपहर को प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे। डॉ. अजीताभ श्रीवास्तव, ने बताया कि वह अपनी स्पेशलाइज्ड लिवर ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाएं लेकर आने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस पहल से मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा।डॉ. अजीताभ, ने बताया कि हमारी ओपीडी सेवाएं एक ही छत के नीचेकम्प्रिहेंसिव केयर प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई हैं। ओपीडी उन मरीजों के लिए भी एक महत्वपूर्ण लिंक के रूप में कार्य करेगी जिन्हें एडवांस्ड लिवर ट्रांसप्लांट इवैल्यूएशन, पोस्ट-ऑपरेटिव केयर या क्रॉनिक लिवर कंडीशन्स के लॉन्ग टर्म मैनेजमेंट की आवश्यकता है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज, लिवर ट्रांसप्लांट औरहेपेटोबिलियरी केयर के क्षेत्र में अग्रणी रहा है। रुद्रपुर में शुरू की गई यह नई ओपीडी, अस्पताल की कम्युनिटी आउटरीच को बढ़ाने और रुद्रपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सुलभ औस गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक और सार्थक प्रयास है। इस मौके पर डॉ राहुल किशोर, दिव्यांश चावला आदि मौजूद रहे।



# हाईकोर्ट ने रैगिंग के मामले को लिया गंभीरता से

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**कार्यवाही**

● मामले की अगली सुनवाई होगी अब 27 को

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रैगिंग के खिलाफ दायर सचिदानन्द डबराल की जनहित याचिका में शपथ पत्र दाखिल न करने पर यूजीसी के सचिव, नेशनल मेडिकल कमीशन के चेयरमैन तथा जिलाधिकारी नैनीताल सहित पांच प्रतिवादियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है।

मुखय न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (न्यायिक) को इन प्रतिवादियों के खिलाफ स्वतः संज्ञान अवमानना कार्यवाही दर्ज करने का निर्देश दिया है न्यायालय ने अपने आदेश में रिकॉर्ड किया कि 22 सितंबर 2025 को दिए गए पिछले आदेश के पैरा -8 में इन प्रतिवादियों को अनुपालन हलफनामा दाखिल न करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया था कि उन पर अवमानना कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए, लेकिन 13 अकटूबर को हुई सुनवाई के दौरानए न्यायालय ने पाया कि उक्त अधिकारियों ने न तो कोई अनुपालन शपथ पत्र दाखिल किया है और न ही कोई बयान पेश किया गया है। खंडपीठ ने निष्कर्ष निकाला कि इससे केवल यही अनुमान लगाया जा सकता है कि इन अधिकारियों को स्वतः संज्ञान अवमानना कार्यवाही दर्ज किए जाने पर कोई आपत्ति या संकोच नहीं है। अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए रजिस्ट्रार (न्यायिक) को निर्देश दिया कि वह इन पांच प्रतिवादियों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से स्वतः संज्ञान अवमानना कार्यवाही शुरू करें। मामले की अगली सुनवाई 27 अकटूबर (सोमवार) निर्धारित की गई है। यहां बता दें कि सुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में हुई रैगिंग के बाद वर्ष 2023 में सचिदानन्द डबराल ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी । इस याचिका सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने तब रैगिंग को रोके जाने हेतु राज्य व केंद्र सहित यूजीसी तथा नेशनल मेडिकल कमीशन तथा जिलाधिकारी नैनीताल को कई निर्देश जारी कर अदालत के आदेशों के अनुपालन संबन्धी रिपोर्ट शपथ पत्र के साथ पेश करने के निर्देश दिए थे । इस मामले में 22 सितंबर 2025 को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने उक्त के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का नोटिस दिया था जिसका इन प्रतिवादियों की तरफ से कोई जबाव नहीं दिया गया।

### गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी व्यक्ति की अंतरिम जमानत को स्थायी किया

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एकट के तहत दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति की अंतरिम जमानत को स्थायी कर दिया है । न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की पीठ में आरोपी प्रकाश कश्यप निवासी वेलेजली लॉज हल्द्वानी ने स्पेशल जज गैंगस्टर एकट द्वारा 11 सितबर 2025 के सजा के आदेश को चुनौती दी थी। अपीलकर्ता को यूपी गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियाँ (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 2/3 के तहत दो साल के कठोर कारावास और 5 हजार रुपएं के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बनभूलपुरा थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसकी की शिनाख्त कराने के प्रयास किए। शुक्रवार की प्रातः दिल्ली से काठगोदाम की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में बाई पास रेलवे फाटक से लाल कुआं की और 200 मीटर की दूरी पर एक वृद्ध महिला ट्रेन की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बनभूलपुरा थाना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी सुशील



जोशी ने महिला के शव को कब्जे लेकर उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए घंटे बाद महिला की शिनाख्त 70 वर्षीय शांति देवी पत्नी परमेश्वरी प्रसाद निवासी राजपुरा के रूप में हुई पुलिस ने मृत्यु का के परिजनों को इसकी सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया थाना प्रभारी सुशील जोशी ने बताया कि महिला इधर-उधर घूमती हुई दिखाई देती थी।


# दीपावली पर्व को लेकर खाद एवं औषधि विश्लेषण साल रुद्रपुर भेजे

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

दीपावली पर्व के दृष्टिगत एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन देहरादून तथा जिला अधिकारी के निर्देश पर लालकुआं तथा हल्द्वानी में अभियान चलाया गया जिसके जिसमें मिठाई के चार नमूने लिए गए तथा हल्द्वानी में एक मशहूर कंपनी के काजू कतली में फंगस की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए इस बैच नंबर के काजू कतली का नमूना संग्रह किया गया।

उक्त सभी नमूने जांच के लिए राजकीय खाद एवं औषधि विश्लेषण



साल रुद्रपुर भेज दिए गए हैं जिसमें रिपोर्ट आने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी काजू कतली की एक शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल उसे पर कार्रवाई करते हुए काजू कतली का नमूना भर गया उसे जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेज दिया गया।आज जनपद आज जनपद में कुल चार नमूने भरे गए तथा 11 निरीक्षण किया गया । उक्त प्रवर्तन टीम में टीम में उपायुक्त कुमाऊं मंडल खाद्य संरक्षण राजेंद्र सिंह कठायत, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी नैनीताल अनिल कुमार मिश्रा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी हल्द्वानी अभय कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी हल्द्वानी ग्रामीण नंदकिशोर उपस्थित रहे। उक्त अभियान आगे भी जारी रहेगा एवं उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की मिलावट की शिकायत पर तुरंत विभाग को सूचित करें एवं उच्च गुणवत्ता खाद्य पदार्थ का ही सेवन करें।